लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........हरि भूमि........
दिनांक 18.12.2019 पृष्ठ सं 14 कॉलम 4-8

## मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय का इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स संपन्न

# शिक्षक खुद को रखें अपडेट : प्रो. केपी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हकृवि के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा एक माह का इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के

■ कहा, अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हे पारंगत होना चाहिए

कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। इस कोर्स में विवि में हाल ही नियुक्त हुए 29 शिक्षकों, वैज्ञानिकों और विस्तार विशेषज्ञों ने भाग लिया।

प्रो. केपी सिहं ने प्रतिभागियों से गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हे पारंगत होना चाहिए। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं।



हिसार। प्रतिभागियों के साथ कुलपति प्रो. केपी सिंह। फोटो : हरिभूमि

उन्हें विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों में जाकर और उनके साथ सहयोग करके अपने ज्ञान के उन्नयन के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान करने और अनुसंधान पत्रों को उगा रेटिंग वाले राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित करने चाहिए।

कुलपति ने इंडस्ट्री के साथ सहयोग बढ़ाने और विश्वविद्यालय को स्वतः पोषित बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने विशेषकर विस्तार विशेषज्ञों से किसानों की समृद्धि के लिए उन्हे उद्यमी बनाने का आह्वान किया। शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है इसलिए किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीयस्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे पूर्व मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. एमएस सिद्धपुरिया ने प्रतिभागियों से इस प्रशिक्षण दौरान प्राप्त किए ज्ञान का रोजमर्रा के कार्यों में प्रयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम में ओएसडी डॉ. एमके गर्ग, सहमानव संसाधन प्रबंधन निदेशक एवं कोर्स निदेशक डॉ. मंजू महता तथा डॉ. ज्यांति टोकस भी उपस्थित थी। मंच संचालन डॉ. उर्वशी नांदल ने किया।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण

दिनांक 18.12.2019 पृष्ठ सं. 19 कॉलम 4-6

# गुणवत्ताशील प्रकाशन के लिए किया प्रेरित

**जासं, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा एक माह का इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि रहे। इस कोर्स में विश्र्वविद्यालय में हाल ही नियुक्त हुए 29 शिक्षकों, वैज्ञानिकों और विस्तार विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्रो. सिंह ने प्रतिभागियों से गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का आहवान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हें पारंगत होना चाहिए। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डा. एमएस सिद्धपुरिया ने प्रतिभागियों से इस प्रशिक्षण दौरान प्राप्त किए ज्ञान का रोजमर्रा के कार्यों में प्रयोग करने की अपील की।



कुलपति प्रो. केपी सिंह प्रतिभागियों के साथ। • एचएयू

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी....
दिनांक..18.12.2019.... पृष्ठ सं.....4..... कॉलम.....3-6....

# अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हें पारंगत होना चाहिए : के.पी.



*कुलपति प्रो के.पी. सिंह प्रतिभागियों के साथ।*

हिसार, 17 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा एक माह का इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह मुख्य अतिथि थे। इस कोर्स में विश्वविद्यालय में हाल ही नियुक्त हुए 29 शिक्षकों, वैज्ञानिकों और विस्तार विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्रो. सिंह ने प्रतिभागियों से गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्त्तव्य निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हे पारंगत होना चाहिए।

उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्हें विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों में जाकर और उनके साथ सहयोग करके अपने ज्ञान के उन्नयन के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान करने और अनुसंधान पत्रों को उच्च रेटिंग वाले राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय जरनलों में प्रकाशित करने चाहिए। कुलपति ने इंडस्ट्री के साथ सहयोग बढ़ाने और विश्वविद्यालय को स्वतः पोषित बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने विशेषकर विस्तार विशेषज्ञों से किसानों की समृद्धि के लिए उन्हे उद्यमी बनाने का आह्वान किया। शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है इसलिए किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

इससे पूर्व मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डा. एम.एस. सिद्धपुरिया ने प्रतिभागियों से इस प्रशिक्षण दौरान प्राप्त किए ज्ञान का रोजमर्रा के कार्यों में प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में ओ.एस.डी. डा. एम.के. गर्ग, सहमानव संसाधन प्रबंधन निदेशक एवं कोर्स निदेशक डा. मंजु मेहता व डा. ज्योति टोकस भी उपस्थित थी। डा. उर्वशी नान्दल ने मंच का संचालन किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर
दिनांक 18.12.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 7-8

# एचएयू में शिक्षकों और वैज्ञानिकों ने इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स में लिया हिस्सा

## मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की ओर से हुए कार्यक्रम

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की ओर से एक माह से चल रहे इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का मंगलवार को समापन हो गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि रहे।

इस कोर्स में विश्वविद्यालय में हाल ही नियुक्त हुए 29 शिक्षकों, वैज्ञानिकों और विस्तार विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। प्रो. सिंह ने प्रतिभागियों से गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हें पारंगत होना चाहिए। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्हें विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों में जाकर और उनके साथ सहयोग करके अपने ज्ञान के उन्नयन के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान करने और अनुसंधान पत्रों को उच्च रेटिंग वाले राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित करने चाहिए।

इससे पूर्व मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. एम.एस. सिद्धपुरिया ने प्रतिभागियों से इस प्रशिक्षण दौरान प्राप्त किए ज्ञान का रोजमर्रा के कार्यों में प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में ओएसडी डॉ. एमके गर्ग, सहमानव संसाधन प्रबंधन निदेशक एवं कोर्स निदेशक डॉ. मंजू मेहता व डॉ. ज्योति टोकस भी उपस्थित थी। डॉ. उर्वशी नान्दल ने मंच का संचालन किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम............अमर उजाला............
दिनांक 18.12.2019...... पृष्ठ सं......3...... कॉलम......1......

## शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए किया प्रेरित

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा आयोजित किए जा रहे एक माह के इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का मंगलवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। कोर्स में विश्वविद्यालय में हाल ही नियुक्त हुए 29 शिक्षकों, वैज्ञानिकों और विस्तार विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्रो. सिंह ने प्रतिभागियों से गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है, जिसमें उन्हे पारंगत होना चाहिए। उन्हें विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों में जाकर और उनके साथ सहयोग करके अपने ज्ञान के उन्नयन के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान करने और अनुसंधान पत्रों को उच्च रेटिंग वाले राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जरनलों में प्रकाशित करने चाहिए। कुलपति ने इंडस्ट्री के साथ सहयोग बढ़ाने और विश्वविद्यालय को स्वतः पोषित बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने विस्तार विशेषज्ञों से किसानों की समृद्धि के लिए उन्हे उद्यमी बनाने का आह्वान किया। शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है, इसलिए किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे पहले मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. एमएस सिद्धपुरिया ने प्रतिभागियों से इस प्रशिक्षण दौरान प्राप्त किए ज्ञान का रोजमर्रा के कार्यों में प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में ओएसडी डॉ. एमके गर्ग, सहमानव संसाधन प्रबंधन निदेशक एवं कोर्स निदेशक डॉ. मंजु मेहता व डॉ. ज्योति टोकस भी उपस्थित थीं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........सिटी पल्स........
दिनांक 17.12.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-4

# हकृवि द्वारा आयोजित एक माह का इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह आयोजित

## कोर्स में विश्वविद्यालय के 29 शिक्षकों, वैज्ञानिकों और विस्तार विशेषज्ञों ने भाग लिया



*हिसार। कुलपति प्रो के.पी. सिंह प्रतिभागियों के साथ।*

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा एक माह का इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। इस कोर्स में विश्वविद्यालय में हाल ही नियुक्त हुए 29 शिक्षकों, वैज्ञानिकों और विस्तार विशेषज्ञों ने भाग लिया।

प्रो. सिंह ने प्रतिभागियों से गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हें पारंगत होना चाहिए। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्हें विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों में जाकर और उनके साथ सहयोग करके अपने ज्ञान के उन्नयन के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान करने और अनुसंधान पत्रों को उच्च रेटिंग वाले राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय जरनलों में प्रकाशित करने चाहिए।

कुलपति ने इंडस्ट्री के साथ सहयोग बढ़ाने और विश्वविद्यालय को स्वतः पोषित बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने विशेषकर विस्तार विशेषज्ञों से किसानों की समृद्धि के लिए उन्हें उद्यमी बनाने का आह्वान किया। शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है इसलिए किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर स मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

इससे पूर्व मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. एम.एस. सिद्धपुरिया ने प्रतिभागियों से इस प्रशिक्षण दौरान प्राप्त किए ज्ञान का रोजमर्रा के कार्यों में प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में ओएसडी डॉ. एम.के. गर्ग, सह मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक एवं कोर्स निदेशक डॉ. मंजु मेहता व डॉ. ज्योति टोकस भी उपस्थित थी। डॉ. उर्वशी नान्दल ने मंच का संचालन किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........नभ छोर........
दिनांक 17.12.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 2-4

# कुलपति ने वैज्ञानिकों को किया शोध करने के लिए प्रेरित



हिसार. चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय द्वारा एक माह का इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। इस कोर्स में विश्वविद्यालय में हाल ही नियुक्त हुए 29 शिक्षकों, वैज्ञानिकों और विस्तार विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्रो. सिंह ने प्रतिभागियों से गुणवत्ताशील प्रकाशनों और अधिक से अधिक संख्या में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। फैकल्टी से अपने ज्ञान को अपडेट रखने और ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने का आहवान किया। उन्होंने कहा अध्यापन एक कला है जिसमें उन्हें पारंगत होना चाहिए। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्हें विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों में जाकर और उनके साथ सहयोग करके अपने ज्ञान के उन्नयन के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान करने और अनुसंधान पत्रों को उच्च रेटिंग वाले राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय जरनलों में प्रकाशित करने चाहिएं। कुलपति ने इंडस्ट्री के साथ सहयोग बढ़ाने और विश्वविद्यालय को स्वत: पोषित बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने विशेषकर विस्तार विशेषज्ञों से किसानों की समृद्धि के लिए उन्हें उद्यमी बनाने का आह्वान किया। शिक्षण संस्थानों की प्रतिष्ठा फैकल्टी की योग्यता और कौशल पर निर्भर करती है इसलिए किसी भी शिक्षण संस्थान को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने में फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे पूर्व मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. एमएस सिद्धपुरिया ने प्रतिभागियों से इस प्रशिक्षण दौरान प्राप्त किए ज्ञान का रोजमर्रा के कार्यों में प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में ओएसडी डॉ. एमके गर्ग, सह मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक एवं कोर्स निदेशक डॉ. मंजु मेहता व डॉ. ज्यांति टोकस उपस्थित थे। डॉ. उर्वशी नान्दल ने मंच का संचालन किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......अमर उजाला......
दिनांक 18.12.2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 7-8

# चार माह बाद भी एचएयू ने जेबीटी भर्ती परीक्षा का परिणाम नहीं किया जारी

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) ने चार माह बाद भी जेबीटी भर्ती परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया है। अभ्यर्थी बड़ी बेसब्री से परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि एचएयू प्रशासन की तरफ से कैंपस स्कूल में जेबीटी के पांच पदों के लिए आवेदन मांगे थे। 28 जुलाई को इन पदों पर भर्ती को लेकर लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। इस दौरान करीब छह हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे।

**कैंपस स्कूल में पांच पदों के लिए 28 जुलाई को हुई थी लिखित परीक्षा**

परीक्षा को लेकर हिसार के अलावा दिल्ली, पंचकूला व चंडीगढ़ में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। वहीं, एचएयू प्रशासन की तरफ से जेबीटी की परीक्षा के साथ ही क्लर्क की भर्ती परीक्षा भी आयोजित की गई थी। क्लर्क के 186 पदों के लिए करीब 19 हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। एचएयू की तरफ से इस परीक्षा का परिणाम करीब दो महीने पहले जारी किया जा चुका है। यही नहीं इस परीक्षा में पास हुए सभी अभ्यर्थियों को ज्वाइन भी कराया जा चुका है। वहीं जेबीटी की भर्ती परीक्षा में इससे तीन गुणा कम अभ्यर्थी है और अभी तक इसका परिणाम जारी नहीं किया गया है।

## विवि की बोर्ड मीटिंग आज

विश्वविद्यालय की बोर्ड मीटिंग बुधवार को चंडीगढ़ में आयोजित होगी। इस मीटिंग में कई बड़े एजेंडे रखे जाएंगे। इस मीटिंग को लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारी शाम तक तैयारियों में जुटे हुए थे। बता दें कि बोर्ड मीटिंग में मंजूरी के बाद ही कोई नया फैसला लागू किया जाता है। हर महीने तीन महीने बाद बोर्ड मीटिंग होती है। बुधवार को होने वाली मीटिंग इस साल की चौथी मीटिंग है। चीफ सेक्रेटरी तक के अधिकारी इस मीटिंग में शामिल होते हैं।

"मैं अभी बाहर हूं। इस बारे में आपको कल पूछकर ही बात सकूंगा कि रिजल्ट कब जारी होगी। वैसे इसके साथ हुई अन्य भर्ती परीक्षाओं का रिजल्ट जारी कर उन पदों पर ज्वाइनिंग भी कराई जा चुकी है।

**डॉ. बीआर कंबोज, रजिस्ट्रार, एचएयू।**